Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है


R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

**हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी**

वर्ष ३० अंक-०८ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३० अप्रैल २०२१ पृष्ठ ०८ मूल्यः १५ रु.मात्र (रंगीन सहित)



## ऑक्सीजन सप्लाई को लेकर पीएम मोदी ने की राज्यों के साथ बैठक, दिये निर्देश

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। देश में कोरोना के केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर अस्पतालों में ऑक्सीजन समेत कई अन्य उपकरण कम पड़ने लगे हैं। इसी कड़ी में पीएम मोदी ने शुक्रवार दिनांक १६.०४.२०२१ को ऑक्सीजन सप्लाई को लेकर राज्यों के साथ बैठक की है। पीएम मोदी ने राज्यों से तालमेल बैठाने को कहा है। बतादें कि ऑक्सीजन की कमी को लेकर कई जगहों पर मरीजों को भर्ती नहीं किया जा रहा है।

जिसके बाद कुछ राज्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ऑक्सीजन के लिए मदद मांगी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर बैठक कर हालात का जायजा लिया। साथ ही सभी मंत्रालयों के बीच आपसी समन्वय और राज्य सरकारों के साथ सहयोग सुनिश्चित करने को कहा। बता दें कि देश में कोरोना से सबसे ज्यादा १२ राज्य प्रभावित हैं। इसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं।

वहीं सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए ऑक्सीजन आयात किया जाएगा।

## झारखंड में हंसडीहा-गोड्डा नई रेल लाइन से सामाजिक-आर्थिक विकास को मिलेगी गति-पीयूष गोयल




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। झारखंड का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय रेल, वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने दिनांकः ०८.०४.२०२१ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हंसडीहा - गोड्डा नई लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया और गोड्डा-नई दिल्ली हमसफर स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस आयोजन के दौरान, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ, सुनीत शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर बात करते हुए, पीयूष गोयल ने कहा, झारखंड अपने खनिजों और कई पवित्र स्थानों के लिए प्रसिद्ध है और भारतीय रेल इस राज्य की असल क्षमता को वास्तविकता में बदलने में अपना योगदान दे रहा है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर, इस नई लाइन परियोजना पर तेजी से प्रगति हुई।

पीयूष गोयल ने यह भी कहा कि वर्तमान में झारखंड में २०,००० करोड़ रुपये के निवेश के साथ ३६ रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जो झारखंड से होकर गुजरता है, राज्य की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगा। इसके अलावा, इस नई लाइन में ट्रेन सेवाओं की शुरुआत से यात्रियों को भारत की राजधानी दिल्ली की ओर जाने में लाभ होगा। गोड्डा से नई दिल्ली जाने वाली इस नई सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन के आने से यात्री भागलपुर होते हुए को नई दिल्ली तक की आरामदायक यात्रा कर सकेंगे।

मेदांता

भारतीय रेलवे के गर्वित साझेदार

भारतीय रेलवे के नियमित एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए

रेलवे द्वारा अनुबंधित दरों पर सभी सुपर स्पेशियेलिटी बिमारियों के लिए

कैशलेस मेडिकल सुविधा

उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
+91 88004 94240, +91 98917 76668

मेदांता - गुरूग्रामः सेक्टर 38, गुरूग्राम, हरियाणा - 122001
टेलीफोनः +91 124 4141 414
info@medanta.org | www.medanta.org

# कोरोना से खुद को बचाते हुए जनता को बचाने में जुटें मंत्री-मुख्यमंत्री योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास से वर्चुअल संवाद किया। संवाद में योगी आदित्यनाथ कहा कि कोरोना संक्रमण से खुद को बचाते हुए मंत्री जनता को इससे बचाने के लिए जुटें। कार्यक्रम में सीएम के साथ उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, विधान परिषद सदस्य व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी उपस्थित थे। सीएम ने कहा कि कोरोना संक्रमण के विरुद्ध संघर्ष में समाज के हर वर्ग, हर तबके का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने सभी स्तर पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन किए जाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कोविड के मद्देनजर जिला प्रशासन के साथ संवाद बनाते हुए कोविड नियंत्रण संबंधी कार्यवाही की जाए। कार्यक्रम में प्रदेश में कोविड प्रबंधन, संक्रमण और इसे रोकने के लिए अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने अवगत कराया।

# महामारी एक्ट में १६० दुकानदारों पर एफआईआर

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोविड-१६ का संक्रमण बढ़ने पर पुलिस ने दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। दुकानदारों ने अपनी दुकान के बाहर ग्राहकों के लिए उचित दूरी बनाने को गोला बनाया है या नहीं यह भी चेक किया गया। इसी आधार पर बुधवार दिनांक १४.०४.२०२१ को कार्रवाई करते हुए ३० दुकानें बंद करा दी गई। खुल्दाबाद पुलिस ने सबसे ज्यादा ३० दुकानदारों के खिलाफ केस दर्ज किया। वहीं करेली ने २५, सिविल लाइंस में २२, पूरामुफ्ती में १०, जॉर्ज टाउन में ७, शिवकुटी में पांच, कर्नलगंज में २१, अतरसुइया में तीन, मुट्ठीगंज में ६, कीडगंज में ५, कैंट में चार और धूमनगंज में १७ दुकानदारों पर मुकदमा हुआ है।

इसके अलावा शहर के १६० दुकानदारों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने में मुकदमा दर्ज किया है। एसपी सिटी दिनेश सिंह ने बताया कि दुकानदारों को पहले भी चेताया गया था और उन्हें समझाया गया था कि भीड़ न बढ़ने दें। इसके बावजूद दुकानदार सो'ल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करा रहे हैं। जिन दुकानदारों ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। सभी दुकानदारों को निर्देश दिया गया है कि वे मास्क पहनने वाले ग्राहक को ही दुकान के अंदर आने दें।

# अब समय फ्लिप क्लास रूम व वर्चुअल लैब का- राज्यपाल



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद व इंटीग्रल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया एनालिसिस ऑफ एक्रिडिटेशन रिपोर्ट से जुड़ी दूसरी जोनल मीटिंग को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने रविवार दिनांक ११.०४.२०२१ को कहा की अब समय फ्लिप क्लास रूम व वर्चुअल लैब का है और यह सब समय की मांग है। कार्यक्रम में उत्तर भारत के आठ राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि वैश्वीकरण के युग में शिक्षण संस्थानों के समक्ष स्वयं को वैश्विक स्तर पर स्थापित एवं प्रस्तुत करने की बड़ी चुनौती है। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, उत्कृष्टता के साथ-साथ प्रासंगिकता का भी मूल्य बढ़ा है। कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के निदेशक डॉ. एससी शर्मा, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग, इंटीग्रल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. सैयद वसीम अख्तर, विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि ऑनलाइन जुड़े।

# नाइट कर्फ्यू ने बिगाड़ा रेस्टोरेंट कारोबारियों का धंधा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रशासन की ओर से लगाए गए नाइट कर्फ्यू से होटल और रेस्टोरेंट कारोबारी का धंधा अब फिर मंदा हो गया है। सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश होटल एसोसिएशन के श्याम कृष्णानी कहते हैं कि होटल-रेस्टोरेंट का कारोबार तो शाम आठ-नौ बजे के बाद शुरू होती है, ऐसे में रेस्टोरेंट का काम एकदम खत्म हो गया है। वहीं होम डिलीवरी तो पहले ही लगभग खत्म थी, क्योंकि कोरोना के कारण लोग बाहर का मंगाकर खाने से बचने लगे हैं।

# राजेन्द्रनगर–दुर्ग-राजेन्द्रनगर पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा राजेन्द्रनगर–दुर्ग-राजेन्द्रनगर के मध्य २२ अप्रैल, २०२१ तक चल रही पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में ०७ जुलाई, २०२१ तक विस्तार किया जा रहा है। अब गाड़ी संख्या ०३२८८ राजेन्द्रनगर–दुर्ग पूजा स्पेशल ट्रेन को दिनांक ३० जून, २०२१ तक तथा गाड़ी संख्या ०३२८७ दुर्ग-राजेन्द्रनगर पूजा स्पेशल ट्रेन को दिनांक ०२ जुलाई, २०२१ तक चलेगी।

# स्क्रैप की बिक्री कर रेलवे हुआ मालामाल



नई दिल्ली। भारतीय रेल ने वित्त वर्ष २०२०-२१ में अबतक की सबसे अधिक स्क्रैप की बिक्री की है। इस साल स्क्रैप की बिक्री कर रेलवे ने कुल ४५७३ करोड़ रुपये की कमाई की है जो पिछले साल की तुलना में ५.५ फीसदी अधिक है। इस माध्यम से उसने कुल ४५७३ करोड़ रुपये की कमाई की है। जो कि वित्त वर्ष २०१६-२० की तुलना में ५.५ फीसदी यानी कि ४३३३ करोड़ रुपये अधिक हैं। इससे पहले स्क्रैप बिक्री की कमाई का सबसे अच्छा आंकड़ा २००६-१० में ४४०६ करोड़ रुपये था। रेलवे की निर्माण योजनाओं और छोटी रेल लाइनों को बड़ी रेल लाइनों में बदलने से जुड़ी परियोजनाओं में सामान्य रूप से इस तरह की स्क्रैप सामग्री बड़े पैमाने पर इकठ्ठा हो जाती है जो दोबारा इस्तेमाल के लायक नहीं रहती है। वहीं उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल के अनुसार उत्तर रेलवे ने इस साल ३.६ फीसदी अधिक कमाई की।

# उत्तर मध्य रेलवे के ३७ कर्मचारियों को मिला महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा, परिसंपत्ति विश्वसनीयता, समय पालनता, लदान और राजस्व अर्जन की स्थिति की समीक्षा की और ३७ कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। वीडियोकॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस बैठक में अपर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे रंजन यादव, उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष और प्रयागराज, झांसी और आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधकों और मुख्यालय और मंडलों के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। संरक्षा समीक्षा के दौरान, आग के मामलों को रोकने के लिए बरती जाने वाली सावधानियां, कार्य स्थल पर संरक्षा, ट्रैक मेंटेनेंस मशीन ऑपरेटर की रूटलर्निंग आदि विषयों पर चर्चा की गई। वीडियोकॉन्फ्रेंस के बाद, उत्तर मध्य रेलवे के ३७ कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। तीनों मंडलों से चुने गए इन कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों ने संरक्षा, और दुर्घटना से बचाव आदि के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए हैं।

# बिप्लव कुमार ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक का पदभार किया ग्रहण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भारतीय रेल यातायात सेवा के १६६१ बैच के अधिकारी बिप्लव कुमार ने दिनांक ०८.०४.२०२१ को उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक रवि वल्लूरी से कार्यभार संभाला, जिनका स्थानांतरण दक्षिण रेलवे में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के रूप में हो गया था। उत्तर मध्य रेलवे में आने से पहले बिप्लव कुमार समूह महाप्रबंधक/ बीडी, डीएफसीसीआईएल के रूप में कार्यरत थे। वे मुख्य राजभाषा अधकारी, डीएफसीसीआईएल का पदभार भी देख रहे थे। बिप्लव कुमार ने पटना विश्वविद्यालय, बिहार से १६८७ में भौतिकी में मास्टर डिग्री पूरी करने के बाद, वर्ष १६६३ में भारतीय रेल में अपनी सेवा प्रारंभ की। उन्होंने भारतीय रेल में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों निदेशक/पर्यटन एवं कैटरिंग, रेलवे बोर्ड, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक, पूर्व रेलवे और उत्तर रेलवे, और मुख्य माल भाड़ा यातायात प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर आदि पर काम किया है। बिप्लव कुमार ने पहले उत्तर मध्य रेलवे में मुख्य यातायात योजना प्रबंधक और मुख्य वाणिज्य प्रबंधक(यात्री सेवा)के रूप में भी कार्य किया है।

# देश में स्टार्टअप्स आत्मनिर्भर भारत के नए विजेता: पीयूष गोयल

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केंद्रीय रेल, वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने दिनांक १५.०४.२०२१ को राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद (एनएसएसी) की पहली बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पीयूष गोयल ने कहा कि यह परिषद भारत में कई उभरते स्टार्टअप उद्यमियों के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि यह हमारे देश के इतिहास में पहली बार है जब निजी क्षेत्र और सरकार के लोगों की ऐसी उच्चस्तरीय टीम एक साथ आई है, ताकि आप अपने के नीतिगत निर्णय खुद लें। उन्होने स्टार्टअप्स को आत्मनिर्भर भारत के नए विजेता के रूप में बताते हुए कहा कि हमारे पास विश्व का सबसे बड़ा और सबसे नवीन स्टार्टअप इकोसिस्टम बनने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम की प्रगति को बढ़ावा देने में हमेशा मददगार सहयोगी की भूमिका में रही है और आगे भी रहेगी।



पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार नियामक के बजाय मददगार के रूप में कार्य करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से हमें समस्याओं को कम करने के लिए अपने प्रयासों को अधिकतम करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत के लागत प्रभावी समाधान गरीबों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपलब्ध हों।

# यूपी में कोरोना के सबसे ज्यादा १३६८५ नए मामले

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। कोरोना के सेकेंड वेव से यूपी में नए मरीजों की संख्या में थोड़ी कमी आई लेकिन संक्रमण से रिकॉर्ड ७२ मरीजों की मौत हो गई। सोमवार दिनांक १२.०४.२०२१ को एक दिन में हुई अधिकतम मौतें हैं।

इसी के साथ अब तक कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या ७ लाख पार हो गई है। इनमें से ६१४८१६ संक्रमण मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग से जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव मरीजों की संख्या ८१५७६ हो गई है जबकि ६२२४ लोगों की संक्रमण से मौत हुई है। वहीं, राजधानी लखनऊ में ३८६२ मरीज मिले हैं। जो रविवार के मुकाबले कम हैं। इसके अलावा वाराणसी में १४१७, प्रयागराज में १२६५, कानपुर नगर में ७१६, गोरखपुर में ४७४, मेरठ में ३३६, झांसी में २६७, गौतमबुद्ध नगर में २३६, बलिया में २३० मरीज मिले हैं।

# रेल परिवार को समर्पण और कठिन प्रयासों के लिए पीयूष गोयल ने दिया धन्यवाद

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। पीयूष गोयल ने रेल परिवार को उनके समर्पण और कठिन प्रयासों और कोविड वर्ष में लगभग सभी रिकॉर्डों को तोड़ने के लिए धन्यवाद दिया। रेल परिवार को लिखते समय, रेल, वाणिज्य और उद्योग और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने कहा मैं बहुत गर्व, संतुष्टि और कृतज्ञता के साथ आपको सूचित कर रहा हूँ कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में एक और वित्तीय वर्ष का समापन हो रहा है। पीयूष गोयल ने कहा कि महामारी के दौरान, हमारे रेल परिवार ने खुद को राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया है। जब पूरा विश्व ठहर गया था, तब रेल कर्मचारियों ने एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली और व्यक्तिगत जोखिम उठाते हुए पहले से ज्यादा परिश्रम करते रहे ताकि अर्थव्यवस्था के पहियों को चालू रखा जा सके। देश कोविड के खिलाफ हमारी सामूहिक लड़ाई में हमेशा आपके योगदान को याद रखेगा। आपकी प्रबल इच्छाशक्ति की वजह से, हमने इस संकट को एक अवसर में बदल दिया।

# मदद की आस में मरीज और परिजन परेशान

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना संक्रमण से हालात भयावह होते जा रहे हैं। शहर में बढ़ते कोरोना संक्रमित मरीजों को एकीकृत कोविड कमांड सेंटर से पर्याप्त राहत नहीं मिल पा रही। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग व सैंपलिंग में भी ढिलाई बरते जाने के आरोप लग रहे हैं। ऑक्सीजन सप्लायरों के यहां सिलेंडर की रिफिलिंग व नए सिलेंडर लेने के लिए लोगों की भीड़ लग रही है। हाल ये रहा कि सप्लायरों की दुकानें बंद होने पर भी लोग बाहर खड़े इंतजार करते रहे। सिलेंडर की रिफिलिंग कराने में लोगों का पूरा दिन बीत गया। इस पर भी आधे से अधिक लोगों का निराश ही लौटना पड़ रहा। होम आइसोलेशन में मरीजों की हालत बिगड़ने पर भी अस्पतालों में बेड न मिलने पर डॉक्टरों की सलाह पर तीमारदार घर में ही ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था कर रहे हैं।

# महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने की स्टेशन के पुनर्विकास योजना की समीक्षा



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने आईआरएसडीसी के अधिकारियों, उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों, डीआरएम प्रयागराज मोहित चंद्रा के साथ दिनांक १०.०४.२०२१ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रयागराज जंक्शन और कानपुर सेंट्रल स्टेशन के पुनर्विकास योजना की समीक्षा की। बतादें कि भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम (आईआरएसडीसी), रेलवे के स्वामित्व वाली सार्वजनिक उपक्रमों का एक संयुक्त उपक्रम, भारतीय रेलवे के सभी प्रमुख स्टेशनों का पुनर्विकास कर रहा है जिसमें उत्तर मध्य रेलवे के ग्वालियर, प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, और आगरा कैंट स्टेशन शामिल हैं। इसी कड़ी में संजीव कुमार लोहिया एमडी और सीईओ आईआरएसडीसी के नेतृत्व में आईआरएसडीसी के अधिकारियों की टीम ने स्टेशनों के पुनर्विकास पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

# उत्तर मध्य रेलवे मे मनाया गया भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर का १३०वाँ जन्मदिवस




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भारत रत्न डॉ.भीम राव अम्बेडकर का १३०वाँ जन्मदिवस उमरे, महाप्रबंधक कार्यालय प्रागंण में दिनांक १५.०४.२०२१ (गुरूवार) को मनाया गया। इस अवसर पर रंजन यादव, अपर महाप्रबंधक, उमरे, प्रयागराज ने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/जन जाति के जोनल सचिव लालसा राम सहित उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। डॉ.भीमराव अंबेडकर संविधान के महान वास्तुकार थे जिन्होंने समानता और न्याय के सिद्धांतों के आधार पर समाज और शासन व्यवस्था लागू करने के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन कोविड-१६ के सभी प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया।

**Heartline**

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad

For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध

## सम्पादकीय

# टीकाकरण पर देना होगा जोर

कोविड-१९ की नई लहर देश के कुछ राज्यों में गंभीर रूप लेते ही फिर से कई सख्त पाबंदियां लौट आई हैं, तो वहीं महाराष्ट्र में लगातार गंभीर होते हालात बता रहे हैं कि चुनौती कितनी मुश्किल है। देश के कुल नए मामलों में आधा से अधिक अकेले महाराष्ट्र से सामने आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ, ऐसी भी खबरें भी आ रही हैं कि किसी -किसी राज्य में कोरोना की पर्याप्त जांच नहीं हो रही, और कहीं-कहीं अस्पतालों में बेड की कमी पड़ गई है।

पिछले एक साल में स्वास्थ्य ढांचे में सुधार भी हुआ है, मगर कहीं न कहीं अब भी बेहतर तालमेल की जरूरत है। जहां एक तरफ तो हम सामान्य नागरिकों से मास्क पहनने और शारीरिक दूरी बरतने की अपेक्षा कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ सरकार में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग हजारों की भीड़ को संबोधित करने को लालायित दिख रहे हैं। पिछले एक साल में देश-दुनिया व इंसानियत ने कोरोना से काफी नुकसान उठाया है, इसलिए इससे लड़ाई में किसी किस्म की कोताही स्वीकार्य नहीं हो सकती।

लेकिन कोरोना से मोर्चा लेती सरकारों के पास ऐसा कोई विकल्प नहीं है, बल्कि उनकी जरा-सी उदासीनता या शिथिलता से लाभ की स्थिति में सिर्फ और सिर्फ वायरस होगा, जो न सिर्फ अलग-अलग क्षेत्रें को अपनी जद में समेटेगा, बल्कि नए-नए रूपों में भी लोगों की जान के लिए खतरा बनता रहेगा। इसलिए पूर्ण लॉकडाउन का विकल्प अंतिम ब्रह्मास्त्र होना चाहिए।

देश को व्यापक जांच, ज्यादा से ज्यादा आइसोलेशन और तेजी से व्यापक टीकाकरण की नीति को ही अपनाना होगा। खासकर देश के जिन जिलों में सबसे ज्यादा सक्रिय मामले हैं, वहां युद्ध स्तर पर जागरूक करने और जांच व टीकाकरण अभियान चलाने की जरूरत है।


# बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने किया नमन



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में भारतीय संविधान के शिल्पीकार, बोधिसत्व, भारतरत्न बाबासाहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर जी की १३०वीं जयंती के अवसर पर दिनांक १५.०४.२०२१ को महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने डॉ० अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। बाबासाहेब ने समतामूलक न्यायपूर्ण समाज बनाने के लिए आजीवन संघर्ष किया।

हम उनके जीवन तथा विचारों से शिक्षा ग्रहण करके उनके आदर्शो को अपने आचरण में ढालने का संकल्प लें। कार्यक्रम में कोविड प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया गया। विदित हो कि बाबा साहब डा० भीमराव अम्बेदकर की जयंती समारोह का आयोजन प्रतिवर्ष १४ अप्रैल को मनाया जाता है परंतु यदि इस तिथि को किसी प्रकार का अवकाश हो तो जयंती समारोह अगले कार्यदिवस को मनाया जाता है।

# New Principal Chief Commercial Manager for Southern Railway



PR Deptt.SR/Chennai: Ravi Valluri, an Officer of 1987 batch of Indian Railway Traffic Service (IRTS), took over as the new Principal Chief Commercial Manager of Southern Railway on 12th April 2021. Prior to this assignment, he served as the Principal Chief Operations Manager, North Central Railway, Allahabad. During his three decades long Railway service, Ravi Valluri has served in various capacities in Operations, Commercial, Planning, Safety and General Administration wings of eight Zonal Railways. He was awarded the prestigious COAS (Chief of Army Staff) commendation medal while working in MILRAIL (Military wing of Railways, an extension of Traffic Directorate of Ministry of Railways). Ravi Valluri is an accomplished author and has written 8 books that are available on various online e-commerce forums. His latest book, "Magic of the Mind" is about to be released shortly. He is also a faculty of the Art of Living. Ravi Valluri has succeeded R Dhananjayalu, IRTS who has taken over as Principal Chief Operations Manager of South Western Railway.

# सर्वाधिक रेल विद्युतीकरण कर कोर ने रचा इतिहास

साभारः कोर। कोविड-१९ महामारी के बावजूद भारतीय रेल ने देश की आर्थिक विकास यात्रा को रेल विद्युतीकरण के माध्यम से 'मिशन मोड' पर कार्य करते हुए इतिहास रच दिया है। अब तक के पिछले सभी रिकार्डों को ध्वस्त करते हुए भारतीय रेल ने ६०१५ रूट किलोमीटर का रेल विद्युतीकरण कर कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रयागराज में वर्ष १९७६ में स्थापित केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, जो कि रेल विद्युतीकरण के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए भारतीय रेल की अग्रणी संस्था है, ने हमेशा कि तरह विद्युतीकरण के कीर्तिमान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले वित्त वर्ष में भारतीय रेलवे के विद्युतीकरण के कार्य को आगे बढ़ाते हुए कोर ने वर्ष २०२० -२१ के दौरान कुल ३०६७ रूट किलोमीटर विद्युतीकरण किया है। जिसमें २८६२ रूट किलोमीटर का CRS निरीक्षण पूर्ण हो सका एवं अतिरिक्त २०५ रूट किलोमीटर CRS निरीक्षण के लिए तैयार किया गया। यह उपलब्धि पिछले वर्ष की आकड़ों से १७.६६% ज्यादा है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में विद्युतीकरण के दौरान कोर ने फाउंडेशन में १७.६% एवं मास्ट एरेक्शन में ४.३% की वृद्धि किया है, अब तक ३६ TSS एवं २१० SP/SSP चालू किए गए है इसी प्रकार ६६ स्टेशनों तथा २६ समपार फाटकों पर विद्युतीकरण के अनुरूप सिगनल मोडिफिकेशन का कार्य भी किया गया एवं ३५ नए ब्लॉक इन्स्टुमेंटों को बदला गया। ज्ञात हो कि भारतीय रेल को वर्ष २०३० तक हरित रेलवे बनाने का लक्ष्य पूरा किया जाना है। तेज गति से किए जा रहे विद्युतीकरण कार्य द्वारा सभी ब्रॉड गेज का रेल विद्युतीकरण दिसम्बर २०२३ तक पूर्ण करने का लक्ष्य मिला है। भारतीय रेल लास्ट माइल कनेक्टिविटी और अभी तक परस्पर न जुड़ पाए मार्गो के विद्युतीकरण पर इस समय विशेष ध्यान केन्द्रित कर रही है। पिछले वित्त वर्ष की उपलब्धियों को बताते हुए कोर के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह, ने



बताया कि कोर ने लॉकडाउन की कठिन परिस्थितियों के दौरान विस्थापित श्रमिकों के लिए १०८३५३ मानव दिवस कार्य का सृजन किया एवं इसके लिए १३२.८ करोड़ का भुगतान परिश्रमिक के रूप में करवाया। कोर द्वारा अगस्त २०२०, में एक दिन में सर्वाधिक १५०६ मास्ट इरेक्शन करने का एवं सितम्बर २०२० में सर्वाधिक वायरिंग यानी १३८ शॉट्स का कीर्तिमान स्थापित किया गया। कोर के विद्युतीकरण के इतिहास में OHE मास्ट के लिए सिलिंडरिकल फाउंडेशन का प्रयोग पहली बार पिछले वित्त वर्ष में प्रारम्भ किया गया। वर्ष २०२०-२१ में हाईराइज ओएचई के सपने को पहली बार मूर्त रूप दिया गया जिससे पालनपुर से पीपावव पोर्ट तक डबल-डेकर माल गाड़ियों का परिचालन सम्भव हो सका है। बिजली के इंजनों द्वारा डबल-डेकर माल गाड़ियों का परिचालन एक कीर्तिमान रहा जो कि पहले कही नहीं हुआ। कंटेनर, बल्क कारगो तथा रो-रो कारगो को हैण्डिल करने के लिए भारत के पश्चिमी तट पर पिपावाव बंदरगाह तक विद्युतीकृत रेल नेटवर्क की आसान पहुंच से भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग के महत्वपूर्ण स्थानों पर साजो-समान पहुंचाने में विशेष मदद मिल रही है। विद्युतीकरण के दौरान तारों को दौड़ाने के लिए ट्रैक के ऊपर बने कई पुलों को ऊपर उठाया गया जिससे तारों को आवश्यक क्लियरेंस सुनिश्चित किया जा सके। कोर फाफामऊ -प्रतापगढ़, सुल्तानपुर-चिलबिला, जंघई-जाफराबाद, न्यू डोमोहनी -बेतगारा, निमटिता-न्यू फरक्का, कुड्डालोर पोर्ट-वृद्धाचलम, पीलीभीत-टनकपुर तथा गोरखपुर -आनंदनगर सेक्शनों का कार्य शीघ्रता के साथ करते हुए एक वर्ष मे ही पूरा कर लिया। कोविड की आपदा को मौके में तब्दील करते हुए ई-ऑफिस का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया गया, जिससे पेपर लेस वर्किंग के साथ ही कार्य का निपटान शीघ्रता से प्रारम्भ हो सका। इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं कन्ट्रक्शन विधा को वृहद स्तर पर लागू किए जाने से विद्युतीकरण के टेण्डरों को तीव्रता के साथ निपटाना सम्भव हुआ। कोर में ऑनलाइन इंडेंट की प्रक्रिया शुरू की गई और यूजर डिपो माड्यूल भी लागू किया गया। डिजिटल माध्यम लागू करने से इन क्रिया कलापों में वित्तीय बचत हुई। मानव संसाधन प्रबंधन पद्धति (HRM) के माध्यम से अब ई-सुविधा पास जारी करना प्रारम्भ किया गया। रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन द्वारा कोविड-१९ से बचाव हेतु जिला राहत कोष में एक लाख रुपये का योगदान दिया गया। यशपाल सिंह,के अनुसार उपरोक्त महत्वपूर्ण सेक्शनों के विद्युतीकृत हो जाने से देश के विकास के पहिये को और गति मिलेगी। रेल विद्युतीकरण की उक्त उपलब्धियों से प्रसन्न हो कर रेल मंत्री पीयूष गोयल, ने सभी रेल परिवार के सदस्यों को लिखित धन्यवाद ज्ञापित किया है तथा कहा कि मै विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि इस प्रेरित टीम के साथ हम लगातार रिकार्ड तोड़ते रहेंगे, बड़े लक्ष्य हासिल करेंगे, अपने प्रदर्शन से दूसरों के लिए उदाहरण बनेगे और भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देंगे।

# कोविड-१६ के प्रसार को रोकने के सम्बंध में हुई बैठक




साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। जनपद में बढ़ रहे कोविड-१६ मामलों के देखते हुए रिजर्व पुलिस लाइन प्रयागराज में मंडल आयुक्त प्रयागराज की अध्यक्षता में व पुलिस महानिरीक्षक कर्वीद्र प्रताप सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी, के साथ संयुक्त रूप से कोविड-१६ के बढ़ते चेन को ब्रेक करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई एवं सुझाव लिए गए कमिश्नर ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रयागराज मे बढ़ रहे मरीजों की संख्या को देखते हुए इस चेन को तोड़ना आवश्यक है। इसके लिए सभी को सहयोग करने के लिए आगे बढ़ना होगा। पुलिस महानिरीक्षक ने कहां की हर प्रयागवासी की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि कोविड-१६ की चेन ब्रेक करने के लिए जागरूक बने और आसपास निवासियों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान को गति देने के लिए पुलिस प्रशासन का मदद करें। जिलाधिकारी ने कहा की सभी संबंधित विभाग पूर्व तैयारी के साथ मेडिकल सुविधाओं को युद्ध स्तर पर तैयार रखें।

# जिलाधिकारी प्रयागराज ने की प्राइवेट हॉस्पिटलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। जनपद के प्राइवेट नर्सिंग होम के प्रबन्धकों के साथ जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी ने मंगलवार दिनांक १३.०४.२०२१ को बैठक करते हुए जनपद के नर्सिंग होम/हॉस्पिटल को अपने अस्पताल को कोविड-१६ मरीजों के उपचार हेतु कोविड डेडिकेटेड हॉस्पिटल के रूप में परिवर्तित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि महामारी में आप सभी आगे बढ़ कर कोविड-१६ के मरीजों के उपचार में अपना सहयोग प्रदान करें। इस उद्देश्य से जिलाधिकारी ने पूर्व से संचालित निजी क्षेत्र के चार कोविड डेडिकेटेड अस्पतालों के अतिरिक्त चार अन्य प्राइवेट हॉस्पिटल को कोविड डेडिकेटेड अस्पतालों में परिवर्तित करने का निर्देश दिया है। इस क्रम में ओझा हॉस्पिटल, मां शारदा हॉस्पिटल एवं प्राची हॉस्पिटल को १५ अप्रैल, २०२१ से तथा सृजन हॉस्पिटल को १७ अप्रैल से कोविड हॉस्पिटल संचालित करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र के १५ अन्य हॉस्पिटल को भी कोविड डेडिकेटेड हॉस्पिटल के रूप में परिवर्तित करने की कार्ययोजना बनाई गयी है।

# कोरोना वायरस के चलते स्थगित हुई यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना वायरस का कहर देश भर में दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। जिसको देखते हुए ८ मई से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव के चलते यूपी बोर्ड १०वीं और १२वीं बोर्ड की २४ अप्रैल से शुरू होने वाली परीक्षाओं की तारीखों में संशोधन कर परीक्षा के लिए नई तारीख का ऐलान किया गया था। वहीं कोविड के कारण पूरे साल छात्रों की पढ़ाई प्रभावित रही थी और अब नजदीकी समय में भी सभी स्कूल, कोचिंग बंद पड़े हुए हैं। अब कोरोना महामारी के कारण लगातार मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, जिसके चलते बोर्ड एग्जाम को स्थगित कर दिया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना के बढ़ते हुए मरीजों की संख्या के कारण १५ मई तक कक्षा १ से १२वीं तक के सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया है। साथ ही साथ १०वीं, १२वीं के बोर्ड एग्जाम को अभी स्थगित कर दिया गया है। जल्द ही स्थिति को देखते हुए नई परीक्षा की डेटों की सूचना जारी कर दी जाएगी।

# दुनिया का सबसे ऊंचा चिनाब पुल में मेहराब बंदी का कार्य रेलवे ने किया पूरा

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेल ने प्रतिष्ठित चिनाब पुल का मेहराब बंदी काम पूरा कर लिया है। यह चेनाब पुल दुनिया का सबसे ऊंचा पुल है और यह उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना (यूएसबीआरएल) का हिस्सा है, रेलवे ने इस प्रतिष्ठित चिनाब पुल की इस्पात मेहराब को पूरा करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। चिनाब के ऊपर पुल बनाने का यह सबसे कठिन हिस्सा था। यह उपलब्धि कटरा से बनिहाल तक १११ किलोमीटर लंबे खंड को पूरा करने की दिशा में एक महत्वबपूर्ण कदम है।

यह निश्चित रूप से हाल के इतिहास में भारत में किसी रेल परियोजना के सामने आने वाली सबसे बड़ी सिविल-इंजीनियरिंग चुनौती है। ५.६ मीटर लंबा धातु का टुकड़ा आज सबसे ऊंचे बिंदु पर फिट किया गया है, जिसने वर्तमान में नदी के दोनों किनारों से एक-दूसरे की ओर खिंचाव वाली मेहराब की दो भुजाओं को आपस में जोड़ा है। इससे मेहराब का आकार पूरा को



गया है, जो ३५६ मीटर नीचे बह रही जोखिम भरी चिनाब नदी पर लूम करेगी।

मेहराब का काम पूरा होने के बाद, स्टे केबल्स को हटाने, मेहराब रिब में कंक्रीट भरने, स्टील ट्रेस्टल को खड़ा करने, वायडक्ट लॉन्च करने और ट्रैक बिछाने का काम शुरू किया जाएगा। चिनाब पुल की मेहराब की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:- भारतीय रेलवे कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के लिए यूएसबीआरएल परियोजना के एक हिस्से के रूप में चिनाब नदी पर प्रतिष्ठित मेहराब पुल का निर्माण कर रही है।

यह पुल १३१५ मीटर लंबा है। यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है जो नदी के तल के स्तर से ३५६ मीटर ऊपर है। यह पेरिस (फ्रांस) की प्रतिष्ठित एफिल टॉवर से ३५ मीटर ऊंचा है। इस पुल के निर्माण में २८,६६० मीट्रिक टन इस्पांत का फैब्रिकेशन हुआ है।

इसमें १० लाख सीयूएम मिट्टी का कार्य हुआ है। ६६,००० सीयूएम कंक्रीट का इस्तेरमाल हुआ है और २६ किलोमीटर मोटर योग्य सड़कों का निर्माण शामिल है।

यह मेहराब में इस्पात के बक्सों से बनी है। टिकाऊपन में सुधार के लिए इस मेहराब के बक्सों में कंक्रीट भरी जाएगी। इस मेहराब का कुल वजन १०,६१६ मीट्रिक टन होगा। भारतीय रेलवे ने पहली बार ओवरहेड केबल क्रेन द्वारा मेहराब के मेम्बवर्स का निर्माण किया है।

संरचनात्मक कार्य के लिए सबसे आधुनिक टेक्ला सॉफ्टवेयर का उपयोग किया गया है। संरचनात्मक इस्पात-१० डिग्री सेल्सियस से ४० डिग्री सेल्सियस तापमान के लिए उपयुक्त है।

# कोरोना के खौफ से आठ हजार से ज्यादा रेलवे टिकट निरस्त

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या प्रयागराज समेत तमाम जिलों में बढ़ रही है जिसका असर रेल सफर पर भी पड़ने लगा है। वहीं उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में बीते दिनों में टिकट निरस्त कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है। इस दौरान विभिन्न स्टेशनों से ८००० से ज्यादा टिकट निरस्त हुए। इसमें भी अधिकांश टिकट मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, दिल्ली रूट की ओर जाने वाली ट्रेनों के हैं। वहीं अधिकांश लोगों का ये मानना है कि कोरोना जिस तरह से अपने पांव पसार रहा है, उससे सार्वजनिक वाहनों की तुलना में निजी वाहनों में सफर करना सुरक्षित है। प्रयागराज मंडल से सर्वाधिक निरस्त टिकट प्रयागराज जंक्शन एवं कानपुर सेंट्रल से चलने एवं वहां से गुजरने वाली ट्रेनों के रहे।

# पीसीएस २०२०: दिल्ली की संचिता टॉपर

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन) परीक्षा पीसीएस २०२० का अंतिम परिणाम सोमवार दिनांक १२.०४.२०२१ को शाम घोषित कर दिया। इस परीक्षा में दिल्ली की संचिता ने टॉप किया वहीं लखनऊ की शिवाक्षी दीक्षित ने दूसरा स्थान हासिल कर राजधानी लखनऊ का नाम रोशन किया। तीसरे पायदान पर पलवल (हरियाणा) के मोहित रावत हैं। इस परीक्षा में ४८७ पदों के लिए ४७६ अभ्यर्थी चयनित हुए हैं जबकि ११ पदों पर योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने से पद अभी भरे नहीं जा सके। खास बात यह रही कि मेरिट में बेटियां छाई रहीं।

# ट्रेन व बसों से आने वाले यात्रियों पर रखें कड़ी नजर: मुख्यमंत्री



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। वाराणसी,प्रयागराज और अलीगढ़ नगर निगम के महापौर और अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा की कोरोना का बढ़ता प्रकोप रोकने के लिए ट्रेन, विमान और बसों से आने वाले यात्रियों पर कड़ी नजर रखनी होगी। इसके लिए निगरानी समितियों को सक्रिय रहना होगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने सोमवार दिनांक १२.०४.२०२१ को यह बात कही गई। मीटिंग में महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निगरानी कमेटियों को सक्रिय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महामारी की रोकथाम के लिए संक्रमितों और बाहर से आने वालों पर निगरानी के लिए पार्षद और निगरानी समितियों को सक्रिय होना पड़ेगा। जिसके बाद महापौर ने शहर में महामारी की रोकथाम के लिए की गई व्यवस्था की जानकारी दी। वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद महापौर ने बताया कि लोगों को जागरूक करने और बाहर से आ रहे प्रवासी कामगारों पर गंभीरता से नजर रखने को कहा गया है। महापौर के मुताबिक राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सभी नगर निगमों को महामारी की रोकथाम में जागरूकता के लिए एनसीसी, छात्रों की मदद लेने को कहा। मीटिंग में मंडलायुक्त संजय गोयल, जिलाधिकारी प्रयागराज भानुचंद्र गोस्वामी, नगर आयुक्त रवि रंजन आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज जंक्शन पर ११ यात्री मिले संक्रमित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोराना का कहर चरम सीमा पर है ऐसे में मुम्बई से लोगों का लौटना जारी है। जिसके मद्देनजर जंक्शन पर कोविड जांच टीम की संख्या बढ़ा दी गई है। अभी तक दो टीमें जंक्शन पर यात्रियों की जांच कर रहीं थीं। वहीं सोमवार दिनांक १२.०४.२०२१ से जांच के लिए चार टीमों की तैनाती कर दी गई है।

जिसके बाद जंक्शन पर सोमवार को ४२४ यात्रियों की जांच हुई। जिसमें ४०३ एंटीजन और २१ का आरटीपीसीआर टेस्ट हुआ। टीमें बढ़ने का असर भी दिखा और प्रयागराज जंक्शन पर ११ यात्री कोरोना संक्रमित मिले। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर तीन यात्री संक्रमित मिले।

एयरपोर्ट पर ११७ यात्रियों का आरटीपीसीआर एवं ६७ का एंटीजन टेस्ट हुआ।

वहीं, प्रयागराज के छिवकी स्टेशन पर १३८ आरटीपीसीआर और ३३१ का एंटीजन टेस्ट हुआ। छिवकी पर कोई संक्रमित नहीं मिला।

# रात्रि कर्फ्यू से शादी वाले घरों में बेचैनी

रे.स.ब्यूरो./संवा। शादियों का सीजन और प्रयागराज में रात्रि कर्फ्यू ने शादी वाले घरों के लोगों की नींद उड़ा दी है। जिन घरों में शादियां हैं, उन्होंने विवाह घरों, होटलों में संपर्क कर यह पूछना शुरू कर दिया है कि आखिर अब आगे व्यवस्था क्या करेंगे। वहीं प्रशासन ने रात्रि कर्फ्यू गुरुवार दिनांक ०८.०४.२०२१ की रात से लागू कर दिया था। गाइडलाइन के अनुसार रात से सुबह आठ बजे तक केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को बाहर निकलने की अनुमति होगी। पिछले साल गर्मी में लॉकडाउन के कारण शादियां नहीं हुई थीं। ठंड में कम दिन की लगन थी, ऐसे में कम ही शादियां हुई। हालात सामान्य देखकर लोगों ने पहले ही इस लगन के लिए बुकिंग करा दी थी, लेकिन अब नई गाइड लाइन आ गई है। लोगों की चिंता इस बात की है कि आखिर अब क्या करेंगे।

बात अगर मई की करें तो मई में भी एकाध दिन छोड़ दिया जाए तो लगभग पूरी मई शादियां होनी हैं। ऐसे में सभी को गाइड लाइन के अनुसार ही आने के लिए कहा गया है। वहीं इस बार प्रदेश सरकार ने शादियों पर रोक नहीं लगाई।

# महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने की कोविड-१९ स्थिति की समीक्षा



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, मण्डल रेल प्रबंधकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के संयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे पर दिनांक १२.०४.२१ को कोविड -१९ स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने आने वाले यात्रियों के परीक्षण में राज्य के अधिकारियों को सभी अपेक्षित सहायता प्रदान करने के लिए सभी मंडलों को निर्देशित किया,तथा मण्डल के अधिकारियों को राज्य के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने की सलाह दी ताकि स्टेशनों पर परीक्षण के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था और तैनाती की जा सके। मास्क और अन्य कोविड -१९ के उचित व्यवहार के बारे में जागरूकता अभियान पूरे उत्तर मध्य रेलवे पर सघन रूप से चलाया जा रहा है और यात्रियों को कोविड -१९ के खिलाफ विभिन्न सावधानियों की जानकारी देने के लिए पोस्टर, डिजिटल डिस्प्ले, सार्वजनिक घोषणा प्रणाली आदि का नियमित रूप से उपयोग किया जा रहा है। जीएम त्रिपाठी ने एनसीआर और एनईआर के सभी मंडलों को रेलवे परिसर और ट्रेनों में यात्रियों द्वारा मास्क का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कहा। यात्रा के दौरान और रेलवे स्टेशन पर मास्क का उपयोग नहीं करने वाले यात्रियों पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि स्टाफ के इकट्ठा होने वाली जगहों जैसे क्रू लॉबी, रनिंग रूम, डिपो आदि में कोविड -१९ प्रसार की संभावनाओं को कम करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाने चाहिए। त्रिपाठी ने कैंटीन, मेस आदि में कर्मचारियों को एकत्रित न होने देने के लिए भी जरूरी उपाय करने हेतु निर्देशित किया।

# कोरोना के नोडल अफसर बनकर लौटे डॉ. ऋषि सहाय



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। शासन ने एक बार फिर जिले में अनियंत्रित हो रहे कोरोना को देखते हुए कोरोना का प्रभारी डॉ. ऋषि सहाय को बना दिया है। बतादें कि दिसंबर में शासन ने उनका स्थानांतरण एसीएमओ प्रतापगढ़ कर दिया था लेकिन हालात को देखते हुए उन्हें यहां फिर से कोरोना की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। पिछले साल कोरोना की पहली लहर में डॉ. सहाय को कोरोना का नोडल ऑफिसर नियुक्ति किया गया था। इसके बाद उन्हें प्रतापगढ़ भेज दिया गया था। अब जिले में कोरोना का प्रकोप फिर बढ़ा है और कोरोना की पहली लहर से ज्यादा खराब हो गए हैं। इसे देखते हुए उन्हें यहां कोरोना का नोडल अफसर तैनात किया गया है। डॉ. ऋषि सहाय ने इसकी पुष्टि की और कहा कि कोरोना का नोडल अफसर का चार्ज उन्होंने संभाल लिया है।

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि की पहली महिला कुलपति बनीं प्रो.सीमा सिंह

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रोफेसर सीमा सिंह उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि की पहली महिला कुलपति होंगी। प्रो.सीमा सिंह को प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मुक्त विवि के ग्यारहवें कुलपति के रूप में नियुक्त किया है। वह वर्तमान कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह का स्थान लेंगी जिनका कार्यकाल २१ फरवरी को पूरा हो गया था। प्रो. सीमा सिंह की नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है। प्रो.सीमा सिंह गाजीपुर के खानपुर जखनियां की रहने वाली हैं। बतादें कि प्रो.सीमा के निर्देशन में १६ शोधार्थी शोध कार्य कर चुके हैं। आठ अभी शोध कार्य कर रहे हैं।

# कोरोना का वर्तमान स्वरूप है बेहद खतरनाक



प्रयागराज। कोरोना वायरस का वर्तमान स्वरूप बेहद ही खतरनाक है। यह शरीर के आंतरिक अंगों पर तेजी से असर कर रहा है और शायद यही वजह है कि कई बार कोरोना संक्रमित व्यक्ति ठीक होने के बाद दूसरी बीमारियों का शिकार बन रहा है। भले ही वैक्सीन आ गई हो लेकिन यह कहां तक प्रभावी है, इसका परिणाम अभी पूरी तरह से ज्ञात नहीं हो सका है। ऐसे में सावधानी ही बचाव का सबसे बेहतर विकल्प है। वायरस जैसे ही यह मनुष्यों के संपर्क में आता है यह तेजी से संक्रमण फैलाता है।

# कोरोना को जनता ले गंभीरता से: बसपा सुप्रीमो मायावती



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। देश में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को गंभीरता से लेने की बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपील की है। बुधवार दिनांक ०७.०४.२०२१ को उन्होंने ट्वीट कर कहा, जिस तेजी से देश भर में कोरोना का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, उसे केंद्र व राज्य सरकारों के साथ-साथ आम लोगों को भी गंभीरता से लेना चाहिए और सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करना चाहिए। बता दें कि यूपी में बुधवार को ६०२३ नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं।

जबकि ४० मरीजों की मौत हुई है। वर्तमान में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर ३१६८७ हो गई है। १८६७६ होम आइसोलेशन में हैं। ६६८ निजी अस्पतालों में हैं। अन्य मरीज सरकारी अस्पतालों में भर्ती हैं। अब तक कुल ८६६४ मरीजों की मौत संक्रमण से हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि मंगलवार दिनांक ०६.०४.२०२१ को १६१२७० नमूनों की जांच की गई। इस तरह अब तक प्रदेश में ३५५,७५२३२ नमूनों की जांच की गई है। इनमें से ६३४०३३ लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। कुल ६०४६७६ मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

# टीकाकरण होने के बाद भी बनाए रखें पूरी सुरक्षा

जो लोग कोविड का टीका ले चुके हैं, उनके लिए वैज्ञानिकों ने एक बार फिर चेताया है कि वे भले ही कोविड-१६ से गंभीर तौर पर बीमार होने से बच सकते हैं, लेकिन उनके जरिए दूसरों में संक्रमण फैलने की आशंका खत्म नहीं हो जाती। वैज्ञानिकों ने कहा की लोग टीका लेने के बाद संतुष्ट न हो जाएं और रोग को फैलने से रोकने के लिए सभी गाइडलाइन का सख्त पालन करें। वैज्ञानिकों के अनुसार, बड़ी संख्या में टीकाकरण होने पर हर्ड इम्युनिटी विकसित हो सकती है, यानी बड़ी आबादी पर वायरस असर नहीं कर पाएगा। लेकिन इसके लिए कितनी आबादी को टीका लगाना होगा, यह अभी वैज्ञानिक तय नहीं कर पाए हैं क्योंकि यह वायरस नया है। ऐसे में सभी को टीका लगाना फायदेमंद हो सकता है। वहीं यह टीका अभी गर्भवती महिलाओं या १२ साल से छोटे बच्चों पर परीक्षण से नहीं गुजरा है, ऐसे में सभी का टीकाकरण होने में कई बाधाएं भी हैं।

# केंद्र सरकार: सिर्फ गंभीर रोगियों को दिया जाए रेमडेसिविर इंजेक्शन




रे.स.ब्यू.नईÃदिल्ली।केंद्र ने देशभर में रेमडेसिविर इंजेक्शन की किल्लत के बीच आगाह किया कि यह घर पर उपयोग के लिए नहीं है। इसे अस्पतालों में कोविड-१६ के सिर्फ गंभीर रोगियों को ही दिया जाए। सरकार ने डॉक्टरों से कहा कि चिकित्सकों को इस वायरस-रोधी दवा का विवेकपूर्ण एवं न्यायसंगत'उपयोग करना चाहिए। मंगलवार दिनांक १३.०४.२०२१ को नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ.,वी. के. पॉल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रेमडेसिविर सिर्फ उन्हीं मरीजों को दिया जाए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करने और बाहर से ऑक्सीजन देने की जरूरत है। घर पर और हल्के लक्षणों वाले संक्रमण के मामलों में इसके उपयोग का कोई सवाल ही नहीं है तथा इसे दवा दुकान से नहीं खरीदना है। डॉ. पॉल ने कहा कि कुछ क्षेत्रों से रेमडेसिविर की कमी पड़ने की खबरें आने के मद्देनजर इसके निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया है और यह दवा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

# कोरोना संक्रमण को देखते हुए रेलवे ने शुरू की आइसोलेशन कोचों की तैयारी

रे.स.ब्यू./सूत्र। कोरोना संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक बार फिर ट्रेनों के आइसोलेशन कोच को दुरुस्त कराया जा रहा है। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार के अनुसार बोर्ड से आदेश आने पर आइसोलेशन कोच को फिर से स्टेशनों पर रखा जाएगा। इन कोचों में बिजली, पानी के पुख्ता इंतजाम के साथ ही सैनिटाइजेशन कराने को कहा गया है। उत्तर रेलवे की ओर दो रैक लखनऊ से कैंट रेलवे स्टेशन पर मंगाए गए हैं। जबकि पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल की ओर से पिछले साल के तैयार ३२ आइसोलेशन कोच भी दुरुस्त किए गए हैं। मंडुवाडीह, मऊ सहित १० स्टेशनों पर इन आइसोलेशन कोच के रैक को रखा जाएगा।

# रेलवे सुरक्षा बल के कान्स्टेबल द्वारा किया गया सराहनीय कार्य



रे.स.ब्यू./सूत्र। रेलवे सुरक्षा बल के कान्स्टेबल द्वारा रेलवे स्टेशन ग्वालियर के प्लेटफार्म नं. ०२ से चलने के उपरान्त उत्कल एक्सप्रेस के गाड़ी के जनरल कोच में दिनांक १२.०४.२०२१ को गाड़ी सं. ०८४७७ ग्वालियर से आगरा के लिए बैठी ०१ महिला पुष्पा पत्नी अहिरवरन करोरिया, निवासी-ग्राम नावली, तहसील गोहद, जिला भिण्ड का एक व्यक्ति जबरन मोबाइल व अन्य सामान छीनकर भाग गया, जिसमे महिला यात्री द्वारा चेन पुलिंग की गई।

सील चेकिंग डियूटी में तैनात कान्स्टेबल जयदेव, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ग्वालियर ने भागते हुए लुटेरे को पकड़ लिया और उससे लूटा हुआ मोबाइल फोन व सामान बरामद कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ग्वालियर पर ले आया। जिससे पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम बन्टी शर्मा पुत्र सुरेन्द्र शर्मा उम्र २८ वर्ष निवासी त्यागी नगर बारादरी चौराहा के पास मुरार, जिला ग्वालियर म.प्र. बताया। आरोपी से सामान बरामद कर जीआरपी ग्वालियर को सुपुर्द किया गया।

बाद जीआरपी ग्वालियर द्वारा महिला की तहरीर पर मु.अ. सं. ४३/२०२१ धारा ३६२ आईपीसी व ११/१३ मध्य प्रदेश डकैती व व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम के अन्तर्गत मामला पंजीकृत किया गया। रे.सु.ब. कान्स्टेबल द्वारा किये गये सराहनीय कार्य को देखते हुए रवीन्द्र वर्मा, महानिरीक्षक सह प्र.मु.सु.आ. द्वारा रु. १०००/- से पुरस्कृत किया गया।

# मांग के अनुसार रेलवे रेलगाड़ियों का संचालन रखेगी जारी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेल मांग के अनुसार रेल सेवाएं उपलब्ध कराना जारी रखेगी। वर्तमान में, भारतीय रेल प्रतिदिन औसतन कुल १४०२ विशेष रेल सेवाओं का संचालन कर रही है। कुल ५३८१ उपनगरीय सेवाएं तथा ८३० यात्री रेल सेवाएं भी प्रचालनगत हैं। इसके अतिरिक्त, २८ विशेष रेल गाड़ियां का भी उच्च संरक्षण के साथ उच्च संरक्षित (पेट्रोनाइज्ड) रेलगाड़ियों के क्लोन के रूप में प्रचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, अप्रैल-मई २०२१ के दौरान भीड़-भाड़ को कम करने के लिए ५८ रेलगाड़ियों (२६ जोड़ी) के साथ मध्य रेलवे में तथा ६० रेलगाड़ियों (३० जोड़ी) के साथ पश्चिमी रेलवे में अतिरिक्त रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। ये रेल गाड़ियां गोरखपुर, पटना, दरभंगा, वाराणसी, गुवाहाटी, बरौनी, प्रयागराज, बोकारो, रांची और लखनऊ जैसे उच्च मांग वाले गंतव्यों के लिए है। यह भी उल्लेखनीय है कि माल ढुलाई में, भारतीय रेल ने वित्त वर्ष २०२०-२१ में १२३२.६४ मिलियन टन (एमटी) की अब तक की सर्वाधिक माल ढुलाई की। भारतीय रेल का माल ढुलाई राजस्व २०१६-२० के १,१३,८६७ करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष २०२०-२१ के दौरान १,१७,३८६ करोड़ (लगभग) रहा।

भारतीय रेल ने पिछले वर्ष मालगाड़ियों की गति २४ किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़ाकर ४४ किलोमीटर प्रति घंटे कर दी है। उल्लेखनीय है कि अगस्त २०२० से संचालित ४५० किसान रेल सेवाओं में १.४५ लाख टन कृषि उपज तथा शीघ्र नष्ट होने वाली सामग्रियों की ढुलाई की गई।

## अपील

रेल समाचार ब्यूरो सभी देश वासियों से अपील करता है कि, कोविड-१६ हेतु सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करें

- प्रधान संपादक

# आरटीपीसीआर निगेटिव और मरीज मिल रहे कोरोना पॉजिटिव




रे.स.ब्यू./सूत्र। दिल्ली के रहने वाले अंकित कोरोना संक्रमण की आंशका जताते हुए अपनी आरटी-पीसीआर जांच कराई लेकिन रिपोर्ट निगेटिव निकली। उनको पिछले पांच दिनों से तेज बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द और डायरिया की समस्या आ ही है। उन्होंने डॉक्टर से सलाह ही तो उनसे कहा गया कि कोरोना का नया स्ट्रेन होने की वजह से लक्षण होने के बावजूद बहुत लोगों की आरटीपीसीआर जांच निगेटिव आ रही है। एम्स के मेडिसिन विभाग के डॉक्टर ने बताया कि कई ऐसे मरीज आ रहे हैं जिनमें यह रिपोर्ट निगेटिव हैं, लेकिन हालत गंभीर होने की वजह से उनका हाई रेजोल्यूशन सीटी किया जा रहा है। इसमें फेफड़ों में कोरोना के गंभीर संक्रमण की पुष्टि हो रही है। डॉक्टर की सलाह है कि ऐसे में वे खुद को घर पर ही एकांत में रखें।

## डीजीएफटी व्यापार सुविधा ऐपः यह ऐप भारत के आत्मनिर्भर भारत के विचार का प्रतीक-पीयूष गोयल



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के तहत आयातकों/निर्यातकों तक सूचनाओं की तुरंत पहुंच प्रदान करने के लिए डीजीएफटी का व्यापार सुविधा मोबाइल ऐप लॉन्च किया। दिनांक १२.०४.२०२१ को उन्होंने यह ऐप ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लांच किया। इस अवसर पर पीयूष गोयल ने कहा कि बहुत बार व्यापार से संबंधित सरल प्रक्रिया भी बोझिल हो जाती है और वहीं सुविधा एक बटन के स्पर्श के साथ उपलब्ध है। मोबाइल ऐप के साथ हम व्यापार को आसान करना सुनिश्चित करेंगे और उसका अंतरराष्ट्रीय व्यापार में तेजी से विकास होगा। हम कागज रहित, स्वचालित प्रसंस्करण प्रणाली, कारोबारियों के लिए सरल प्रक्रिया, विभागों के बीच डाटा का आदान-प्रदान कर डिजिटल भुगतानों और उसकी स्वीकृति की ओर बढ़ना चाहते हैं। गोयल ने कहा कि कोविड-१६ के बाद की दुनिया में तकनीक-सक्षम प्रशासन भारत के विकास और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डीजीएफटी की पहल की सराहना करते हुए, पीयूष गोयल ने कहा कि नया व्यापार सुविधा ऐप सही दिशा में एक कदम है क्योंकि यह विभिन्न व्यापार संबंधी प्रक्रियाओं और पूछताछ के लिए आसान ओमनी-चौनल का एक बटन से उपयोग प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के विजन न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन को साकार करता है।

## सुशील चन्द्र बने मुख्य निर्वाचन आयुक्त



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। राष्ट्रपति ने सुशील चन्द्र को भारतीय निर्वाचन आयोग में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्त किया। वरिष्ठता के आधार पर वर्तमान में सुशील चन्द्र भारतीय निर्वाचन आयोग में सबसे वरिष्ठ निर्वाचन आयुक्त थे। वर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील अरोड़ा के १२ अप्रैल २०२१ को मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद से मुक्त होने के बाद १३ अप्रैल २०२१ को सुशील चन्द्र मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।
इस संबंध में विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग की ओर से एक अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## कोरोना की रोकथाम व इलाज के लिए किए गए बेहतर प्रबंधः सीएम योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान बताया कि, सरकार टेस्ट, ट्रेस और ट्रीट के लक्ष्य के साथ कोरोना की रोकथाम और इलाज के लिए प्रभावी कार्यवाही कर रही है। इसके अलावा प्रदेश में रोजाना दो लाख कोरोना टेस्ट किए जा रहे हैं। वहीं लोगों को निरंतर कोरोना को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है। बृहस्पतिवार दिनांक ०८.०४.२०२१ को उन्होने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ५६ हजार और नगरीय क्षेत्रों में १४ हजार निगरानी समितियां बनाई गई हैं। इतना ही नहीं संक्रमितों के इलाज के लिए सभी ७५ जिलों में वेंटिलेटर युक्त ५० हजार बेड उपलब्ध है। योगी ने पीएम को प्रदेश में कोरोना की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक ८० लाख से अधिक लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई जा चुकी है। रोजाना साढ़े तीन से चार लाख लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है।

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।
सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र
प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो
कैम्प कार्यालयः ८४३६, आर्य नगर, पहाड़गंज दिल्ली - ५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन.आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

